

नववर्ष परिशिष्ट 2026
JVC
जनमुख
व्यापार चक्र
आकाश में दौड़ता काशी का नया सपना
रोपवे से विकास को लगेंगे पंख



सरोज सिनहा
समाचार संपादक

## सम्पादकीय

# नववर्ष आत्ममंथन और अतीत से सीख लेने का बेहतर अवसर

पूरी दुनिया नई उमंग, नए उत्साह एवं नये संकल्प के साथ वर्ष 2026 में प्रवेश कर जश्न मना रही है। जिसमें अतीत की उपलब्धियों का गर्व और चुनौतियों पर संतुष्टि की भावना के साथ बीते साल 2025 को देख रहे हैं। पिछला वर्ष बिहार समेत देश के कई राज्यों में जरूरत से ज्यादा वोट की राजनीति के नाम पर था। लेकिन नववर्ष 2026 आर्थिक, सामाजिक और विकास की राजनीति को समर्पित है। यह नववर्ष आत्ममंथन करने, बीते अनुभवों से सीख लेने और भविष्य को बेहतर बनाने का सुनहरा मौका है। पुराने वर्ष को विदा करने के साथ हम अपने अच्छे-बुरे यादों का एक लंबा सफर छोड़ जाते हैं। देखा जाय तो नये वर्ष ने हमारे सामने उम्मीदों, संभावनाओं का द्वार खोल दिया है। कुल मिलाकर आने वाला नया वर्ष हमें यह संदेश देता है कि हम हमारा आने वाला कल, हमारी सोच बेहतर बनायें। नया साल आत्मचिंतन का भी समय होता है। यहां तक कि यह नया वर्ष हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन ही स्थायी है। समय के साथ परिस्थितियां बदलती हैं और हमें भी खुद को बदलने के लिए तैयार रहना होगा। छोटे-बड़े सभी संकल्प स्वयं लेने होंगे। जैसे नियमित व्यायाम, सात्विक भोजन, किताबें पढ़ना, लोगों से खुलकर बात करना भी जीवन में बदलाव ला सकते हैं। जहां तक शिक्षा की बात है तो भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली बेहतर बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो अच्छी बात है। महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ाने के लिए अभियान चल रहा है। जिसके अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। लेकिन देश में बढ़ती महंगाई पर कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। काशी में नये साल पर रोपवे का शुभारम्भ होने जा रहा है। इसके साथ काशी का विकास नई ऊंचाई पर होगा। साथ ही रोपवे की शुरूआत से काशी में विकास की दूसरी परियोजनाओं पर भी कार्य तेज होगा। बहरहाल ढेरों शुभकामनाओं के साथ नये साल का हम-आप सभी स्वागत करें। अच्छी-बुरी, पुरानी यादों का पिटारा बंद करके, नये खूबसूरत पलों को जीने के लिए सभी तैयार हों। 'जनमुख' की तरफ से सभी पाठकों, शुभेच्छुओं और विज्ञापनदाताओं को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

सरोज सिन्हा

## जनमुख परामर्श मंडल

**एस. कुमार,** अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल,** सभापति
श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष:अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन,** अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'


समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

जनमुख हिन्दी दैनिक के लिए निःशुल्क प्रकाशित



# 'रोपवे' से कितनी बदलेगी काशी की तस्वीर!




**काशी अब विकास की नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। बहुप्रतीक्षित योजना 'रोपवे' के प्रथम चरण का शुभारंभ जनवरी माह में होने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इससे शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी, यात्रियों का समय बचेगा और पर्यटन को नई रफ्तार मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में यह 'रोपवे' परियोजना न सिर्फ आधुनिक परिवहन का उदाहरण है, बल्कि काशी की विरासत और विकास को जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम भी है। नए वर्ष में इसके साथ ही कई और विकास योजनाएं परवान चढ़ेगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि 'रोपवे' योजना और विकास को लेकर काशी की जनता क्या सोच रही है और उसकी योजना से क्या उम्मीद है?**

जनमुख टीम

## बदल रही है शहर की तस्वीर, रोपवे से यातायात बेहतर होगा



वैसे भी पीएम मोदी के नेतृत्व में काशी का इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर हुआ है और शहर की तस्वीर बदल गयी है। आगे मोदी जी के नेतृत्व में काशी में तेज गति से विकास कार्य होते रहेंगे। जहां तक रोपवे की बात है तो रोपवे से पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और यातायात भी बेहतर होगा, जाम की समस्या समाप्त होगी। देखिए, आज व्यवसाय में लोगों की आमदनी बढ़ी है। काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद पर्यटन में काफी उछाल आया है। आने वाले समय में भी काशी का पर्यटन उद्योग नई ऊंचाइयां छूएगा ऐसा पूरा विश्वास है।

**आर. के. चौधरी**
**उद्यमी एवं समाजसेवी**

## जनता के लिए बड़ा तोहफ़ा होगा 'रोपवे'



यह नववर्ष हम सभी के जीवन में खुशियाँ लेकर आये ऐसी देवाधिदेव महादेव बाबा विश्वनाथ जी से प्रार्थना है। काशी जो प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है, यहाँ अनेक विकास परियोजनाएं निरंतर जारी हैं और इसी कड़ी में पिछले वर्ष अनेक कार्य पूर्ण भी हुए हैं जिसमे लाट भैरव फ्लाइओवर, रिंग रोड फेज श्री प्रमुख है। यह विकास कार्य इस आने वाले वर्ष में भी जारी रहेगा । काशी में रोपवे का कार्य जो लगभग पूर्ण हो चुका है और इसका शुभारंभ नव वर्ष में प्रस्तावित है इसका काशीवासियों को बेसब्री से इंतज़ार है। यह प्रोजेक्ट निश्चित रूप से काशी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था को सहज बनाते हुए आम जनमानस के लिए एक बड़ा तोहफ़ा साबित होगा। इससे न केवल सड़क पर वाहनो का दबाव कम होगा, अपितु पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट साबित होगा ।

**दीपक बजाज**
**उद्यमी एवं समाजसेवी**

## काशी की यातायात व्यवस्था सुगम होगी



नव वर्ष की काशी के साथ-साथ सभी को दर्शकों को शुभकामना देता हूँ। हर यात्री को सुलभ दर्शन व सुगम आवागमन ही चाहिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोपवे की जो शुरूआत की है वह एक नई मिसाल है। इससे बनारस की प्राचीन संस्कृति व धरोहर भी जिंदा रहेगी और लोगों का आधुनिकता का भी आनन्द मिलेगा। ऊपर रोपवे से आनंद भी लिया जा सकेगा। हमलोग जिन्दगी भर बनारस की गलियों में घूमते थे अब रोपवे से काशी को देख सकेंगे।

**अनुराग चांदवासिया**
**बालाजी पैलेस**

## बनारस की दशा-दिशा बदलने वाली परियोजना



'रोपवे' परियोजना वाराणसी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साहसिक निर्णय है। बनारस में यात्रियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यह बनारस की दशा व दिशा को बदलने वाली परियोजना है। यह सफल होना ही होना है। मेरा प्रशासन से एक निवेदन है कि कैंट से राजघाट पुल तक एक और नया रोपवे बनाया जाय। यह परियोजना देश की दिशा बदलने में काफी हद तक मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी जी को नये साल की शुभकामना। उनसे अपेक्षा है कि वह ऐसा ही साहसिक दूरगामी निर्णय लेते रहें।

**संतोष अग्रवाल**
**हरे कृष्ण ज्वेलर्स**

## बनारस की जीडीपी ग्रोथ में सहायक होगा 'रोप वे'



सबको नये साल की शुभकामना देता हूँ। बनारस में निर्माण तो वैसे बहुत कुछ हो रहे हैं। जैसे रिंग रोड, स्पोटर्स काम्पलेक्स, हाइवे आदि उसमें रोपवे निश्चय ही बनारस के लिए लाभदायक अवश्य होगा। और यह बनारस के विकास में अहम योगदान देगा। पर्यटकों को बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन व गंगा स्नान कर जल्दी वापस जाना सुगम होगा। इससे ट्रैफिक समस्या कम करने में सहायता मिलेगी। यह इंडिया का फर्स्ट इंट्रासिटी अर्बन कनेक्शन है। यह तय सीमा में पूरा हो रहा है। बनारस का जीडीपी ग्रोथ में सहायक होगा। निश्चय ही यह बनारस के लिए एवं जो बाहर से दर्शन को आते हैं उनके लिए भी यह लाभदायक है।

**डा. अनिल ओहरी**
**पूर्व अध्यक्ष, आईएमए**

## काशी में 'रोपवे' से विकास के नये आयाम खुलेंगे



नव वर्ष 2026 के लिए पूरे भारतवासी व काशीवासियों को मेरी शुभकामना। मेरी ओर से हम उनके स्वास्थ्य की मंगल कामना करेंगे कि आने वाला वर्ष उनके लिए शुभ हो। जब हम विकास की बात करते हैं, स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की बात करते हैं, तो उसमें हम अपने नगर में होने वाले विकास से जरुर जुड़ जाते हैं। वाराणसी में हम विकास की बात करते हैं तो हर क्षेत्र में स्वास्थ्य हो, पर्यटन हो या धार्मिक हो हर क्षेत्र में हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो विकास हुए वह बहुत ही अविस्मरणीय है। बनारस में यातायात की गंभीर समस्या है जिसे देखते हुए सरकार ने जनसुविधाओं में यातायात की सुविधा के लिए रोपवे की शुरूआत की है। मैं मानता हूँ कि इससे बहुत ही यातायात बहुत सुविधायुक्त व उत्तम हो जाएगी। तथा पर्यटन को एक नयी हवा मिलेगी। इसके साथ-साथ काशी का विकास नई ऊंचाईयों पर होगा। जिससे हम आगे और भी विकास कर सकेंगे।

**डा. के.के. जैन**
प्रबन्धक निदेशक जैन अस्पताल, पाण्डेयपुर
अध्यक्ष, दिगम्बर जैन मंदिर संभाग

## ट्रैफिक पर तीर्थ यात्रियों का लोड काफी कम होगा



काशी विश्वनाथ धाम कॉरीडोर के निर्माण के बाद से दर्शनार्थियों का आवागमन काफी बढ़ गया है। रोपवे परियोजना बहुत ही अच्छी परियोजना है। क्योंकि बहुत से लोग बाबा विश्वनाथ दर्शन को ही आते हैं उन्हें सीधे दर्शन को लाभ प्राप्त होगा। इससे सड़कों पर ट्रैफिक व तीर्थ यात्रियों का लोड कम होगा। हमलोग सभी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की बहुत अच्छी परियोजना है।

**डा. नीलम ओहरी**
**वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ**

## 'रोपवे' काशीवासियों को मोदी जी का उपहार



वाराणसी में नित्य नए विकास कार्य हो रहे हैं। विकास की इस दिशा में 'रोपवे' की शुरूआत हो रही है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर से पर्यटन व काशीवासियों को रोपवे एक उपहार है। ऐसे में जब टूरिज्म बढ़ने से यातायात की समस्या गंभीर हो गयी है। उसमें रोपवे इससे यातायात की समस्या दूर होगी और टूरिस्ट को भी नया अट्रैक्शन मिलेगा। जिससे टूरिज्म को नयी ऊंचाईयां मिलेगी। धन्यवाद!

**डा. रूचि सिन्हा**
**स्त्री रोग विशेषज्ञ**

रमेश यादव, म

## सिर्फ दिखावे की परियोजना साबित होगा बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट



मेरा मानना है कि 'रोपवे' परियोजना यातायात के सुधार ज्यादा कारगर साबित नहीं होगी बल्कि यह सिर्फ दिखावे की परियोजना है इससे बनारस की जनता को कोई लाभ नहीं होगा। चूँकि बनारस में प्रतिदिन लगभग एक लाख यात्री आते हैं अत: उनके लिए सिर्फ आनंद लेने का एक जरिया बढ़ जाएगा । इसीलिए रोपवे चलाने वाली कंपनी को अवश्य भरपूर कमाई होगी ।

**वी. के जैन**
**उद्यमी एवं समाजसेवी**

## रोपवे से बनारस वालों को काफी राहत मिलेगी



काशीवासियों के लिए हर-हर महादेव, रोपवे का शुभारंभ होने जा रहा है। इससे बनारस ही नहीं पूरा देश इस बात का गर्व मान रहा है। कि बाबा की नगरी में इतनी ऊंचाई से जो विकास कार्य हो रहे हैं। वे बहुत ही सराहनीय कार्य है। रोपवे से बनारस वालों को काफी राहत मिलेगी। इससे भीड़-भाड़ की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। आने वाले समय में काशी में और भी विकास कार्य देखने को मिलेंगे। सभी को इस कार्य में सहयोग करना चाहिये।

**रूपेश माहेश्वरी**
**व्यवसायी**

एडवांस सेन्टर फार मदर एण्ड चाइल्ड केयर
नये वर्ष की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED
जैन हास्पिटल
डॉ. के. के. जैन
एम.डी., डी.सी.एच.
एम.सी.सी.पी. (अमेरिका)
फैलोशिप नवजात शिशु रोग
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमित जैन
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
पूर्व रेजीडेंट कलावती सरन चिल्ड्रेन हास्पिटल, नई दिल्ली
डॉ. अंजू जैन
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
डी.एन.बी. गोल्ड मेडलिस्ट-दिल्ली यूनिवर्सटी
प्रसूति, स्त्री एवं बाझंपन रोग विशेषज्ञ,
पूर्व रेजीडेंट सेंट स्टीफेन हॉस्पिटल, नई दिल्ली
• राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा उपलब्ध।
फोन - 0542-3252795 • E-mail : jainhospital@gmail.com

## ये बनारस के लिए एक अलग आकर्षण होगा



'रोप वे' का शुभारंभ टूरिजम के हिसाब से तो बहुत बेहतरीन होगा, क्यूंकि लोग पहाड़ों मे इसका आनंद लेने जाते हैं, वो उनको यहीं मिलेगा, साथ ही ऊपर से पूरे शहर का एक व्यू भी मिल जाएगा। ये बनारस के लिए एक अलग आकर्षण होगा। पर जहाँ तक स्थानीय लोगों की बात है वो एकाध बार तो जरूर घूमने जाएंगे। पर लोकल ट्रांसपोर्ट के हिसाब से दैनिक जीवन मे इसका कितना इस्तेमाल होगा इस पर संशय है। वैसे शायद भीड़ व जाम को देखते हुए अगर इसमें समय की बचत हो रही होगी तो लोग इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डॉक्टर राजीव गुप्ता**
**वरिष्ठ चिकित्सक**

## काशी में 'रोप वे' एक दूरदर्शी परियोजना, जाम से मिलेगी राहत



विश्व के प्राचीन धरोहर काशी नगरी अब धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनती जा रही है। जिसके मद्देनजर यहां कई विकास कार्य की परियोजना तेजी से चलायी जा रही है। जैसे रिंग रोड, फ्लाईओवर, गंगा में क्रूज का संचालन यह सब बहुत तेजी से योजना चल रही है जो काशी को आधुनिकता का चोला पहना रही है। हमारी काशी में विभिन्न पर्वो व स्नान के दौरान भीड़ इतनी बढ़ती जा रही है कि भीड़ के कुशल प्रबन्धन व जाम से मुक्ति के लिए रोपवे का जो दूरदर्शी परियोजना संचालन को बनाया गया है यह उचित निर्णय लिया गया है। यह काशी को नया प्रारूप प्रदान करेगी। रोपवे से रोजमर्रा की जिन्दगी में बदलाव होगा इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि वह तेजी से रफ्तार बढ़ेगी। यह परियोजना सिर्फ कागजी की तरह साबित नहीं होगी बल्कि काशी के प्रबुद्ध स्थानीय नागरिक व प्रशासन के यातायात के उचित तालमेल से अवश्य ही यह संचालन नये साल में सफल होगा। रोपवे के संचालन से समय की बचत होगी और यातायात भी सुगम होगा।

**डा.एस.बाला**
**साहित्यकार**

## रोपवे से लोगों का आकर्षण बढ़ेगा



नये साल में रोपवे की शुरूआत से सरकार के समर्थक तो यही कहेंगे कि विकास होगा। जबकि विरोधी इसे दिखावे की परियोजना बताएंगे। जबकि सच्चाई यह है कि जो भी कार्य हो रहा है वह जनता के भले के लिए हो रहा है। ऐसे भी अब तक कोई कायदे का पब्लिक ट्रांसपोर्ट नहीं था। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होने से प्रदूषण रहित परिवहन की सुविधा मिल रही है। रोपवे से लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। ऐसे में ध्यान देना होगा कि लोगों पान खाकर रोपवे में जाएंगे वहीं कोने में थूकेंगे तो यह दिखावे की परियोजना बन जाएगी। इसके लिए स्ट्रिक्ट रहना पड़ेगा। इसको सही से यूज किया जाएगा तो ठीक रहेगा। मेरी समझ से विकास का मतलब यह नहीं है कि सभी व्यक्ति कार यूज करें बल्कि ज्यादा से ज्यादा लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल करेंगे तभी वास्तविक विकास माना जाएगा।

**डा. श्रेयांस द्विवेदी**
**मानसिक रोग चिकित्सक**

## तेज विकास से बदल रही काशी की तस्वीर



सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'रोपवे' से निःसंदेह ही जाम की समस्या कम होगी। शहर के यातायात पर लगातार बढ़ते दबाव के बीच इस योजना से काशी के लोगों को काफी उम्मीदे हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी के दूरगामी दृष्टिकोण से किए जा रहे विकास का मॉडल होगी रोप वे परियोजना। काशी में पिछले दस वर्षों में विकास के कार्य जिस तेजी से हो रहे हैं उससे शहर की तस्वीर बदल रही है। उम्मीद है कि 'रोपवे' का पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा।

**डा. आर.एन. बाजपेयी**
**वरिष्ठ चिकित्सक**


CARE
HOSPITAL VARANASI

With Best Wishes

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED
CERTIFICATE No PEH 2021-1748



विश्वस्तरीय मल्टी सुपर स्पेशिलिटी चिक्तित्सा एवं मशीनों द्वारा सर्जरी की सुविधा उपलब्ध



डा. अवनीश राय
वरिष्ठ न्यूरो व स्पाइन सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस.( जनरल सर्जरी ), डी.एन.बी.( न्यूरो सर्जरी ) नईदिल्ली, भूतपूर्व न्यूरो सर्जन नई दिल्ली सफदरजंग हॉस्पिटल एवं वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज, लोकनायक जी.बी. पन्त हॉस्पिटल एवं मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, जी.टी.बी. हॉस्पिटल एवं यू.सी. मेडिकल कॉलेज

भिखारीपुर, बी.एल.डब्ल्यू., सुन्दरपुर रोड, वाराणसी-221004
0542-2319256 (Helpline & OPD Appointment No.)

## काशी के लिए बड़ी भेंट होगी 'रोप वे' परियोजना



डा. दिव्यांक पाठक
निदेशक, वात्सल्य चिल्ड्रेन हॉस्पिटल

इस नववर्ष पर काशीवासियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूँ। इस नये साल पर हमलोग और विकास करते जा रहे हैं और काशी में नयी-नयी चीजें खुलती जा रही है जैसे एक एकलौता एवं अनोखा प्रोजेक्ट है जो रोपवे प्रोजक्ट है। जो बहुत सारे टूरिस्ट एवं हम लोगों के लिए काफी मदद कर सकता है। एक जगह से दूसरे जगह जाने में जो जाम की समस्या होती थी उससे राहत मिलेगी। वहीं ऊपर से काशी का जो नजारा जो देखने का एक अलग तरीके से देखने को मिलेगा। इस नए साल काशी के लिए एक बड़ी भेंट होगी यह 'रोप वे' परियोजना।

## काशी के विकास के लिए बेहद फायदेमंद होगा 'रोप वे' प्रोजेक्ट



आज रोपवे वाली प्रोजक्ट बनारस के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि बनारस एक कॉम्पेक्ट (संकरा) शहर है जिसमें रोड व बाकी चीजे काफी छोटी हैं। हर तरफ इमारत है पुरानी चीजें हैं, बिल्डिंग हैं। अतः ऐसे शहर में ट्रांसपोर्टेशन में बड़ी रोड नहीं आती है। अतः इसके लिए हमें वैकल्पिक रास्ता ढूढ़ना पड़ेगा। जिसमें या तो गंगा नदी के द्वारा बोट का इस्तेमाल करें या आसमान में रोपवे वाला शुरू करें। रोपवे का फायदा यह होगा कि नीचे की भीड ऊपर से जाने वालों के रास्ते में रुकावट नहीं बनती। यह शहर के यातायात की समस्या को घटाएगा। साथ ही यह टूरिस्ट को बनारस में एक नयी चीजें दिखेगी जो बनारस के लिए नया होगा। साथ ही विकास के लिए भी यह फायदेमंद होगा।

**डा. अवनीश राय**
**न्यूरो सर्जन**

## पर्यटकों के लिए बेहद उपयोगी और सुविधाजनक



समस्त देशवासियों को नए वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में रोपवे का शुभारम्भ नये साल में इससे बहुत सारी सुविधाएं मिलेगी। हमारी सिटी स्मार्ट सिटी में बदल जाएगी। यातायात से भी एक अच्छी सुविधा मिलेगी। जिसका लाभ हमलोगों को मिलेगा। पर्यटकों के लिए यह बेहद उपयोगी है वे बहुत सुगमतापूर्वक एक स्थान से दूसरे जगह पर पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री जी को जो यह पहल है उसकी ढेर सारी शुभकामना देता हूँ तथा नये साल में जो रोपवे की शुरूआत की है। उसका सौभाग्य हमसबों को मिला हैं।

**रविशंकर चौबे**
**मैनेजर, एस्प्रा फ्लोर**

## शहर की संस्कृति को तो बचाकर आधुनिक शैली में जाम से मुक्ति दिलाएगा 'रोप वे'



मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारे बनारस में विकास कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं जहां शहर को एक 'रोपवे' मिलने जा रहा है। किसी भी देश की आत्मा उसकी संस्कृति में निवास करती है। यदि हम अपनी जड़ों को भूल जाएंगे, अपनी संस्कृति को भूल जाएंगे तो हम अपने संस्कार को भूल जाएंगे। ऐसे में भारत के रुप में जो हम गर्व महसूस करते हैं उसका विखंडन हो जाएगा। जहां तक देख रहे हैं हम पाश्चात्य शैली में बढ़ते जा रहे हैं। भारत को भारत के रुप में एकत्रित करने के लिए जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा आसाम से गुजरात तक का सांस्कृतिक ढांचा है संस्कृति के माध्यम से एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में रोपवे की शुरूआत बहुत अच्छी बात है। यह एक ऐसा इनोवेटिव साल्युशन है जो हमारे शहर की संस्कृति को तो बचाकर ही रखा है साथ में जो आधुनिक शैली में जाम की समस्या है, ट्रांसपोरेशन की समस्या है, प्रदूषण की समस्या, कार्बन उत्सर्जन की समस्या है तथा विभिन्न तरीके से एक विकास के लिए जो गति की जरूरत होती है उस समस्या को 'रोपवे' ने साल्व किया है। तो आप कहेंगे कि मेट्रो क्यों नहीं, सड़क चौड़ीकरण, और क्यों नहीं विंध्यवंसीकरण हो। हमारे शहर के सांस्कृतिक विरासत का ख्याल रखना पड़ता है हमें ऐसे ट्रांसपोर्टेशन जोड़ने होते है जो सांस्कृतिक धरोहर को बचा पाएं। जब रोपवे ऊपर से गुजरेगा तो वाराणसी अलौकिक रूप में देखने में आयेगा। जब हम ऊंचाई से देखेंगे तो एक अलग ही आनंद आएगा। बनारस के सभी लोग इसका स्वागत करेंगे और पूर्णरूप से इसे स्वच्छ बनाने में मदद तथा अनुशासन का पालन करेंगे। **डा. आशुतोष मिश्रा, पेनेसिया, हॉस्पिटल**

## मिनटों में होगा तय गोदौलिया से कैंट का सफर



यह जो रोपवे प्रोजक्ट है यह एक विकास की बात नहीं है बल्कि समय की एक मांग भी है। इससे विकास को हमें नहीं बल्कि पर्यटकों को भी सहायता मिलेगी। यह मार्डन ब्लेंड है नीचे हेरिटेज का एवं मार्डन टेक्नोलॉजी का, काशी की संकरी गलियां एवं भीषण ट्रैफिक को देखते हुए मैं इसका पूरा समर्थन करता हूँ। इससे टूरिज्म को जो फायदा मिलेगा इससे सरकार को भी हम सबके लिए गर्व की बात है। ट्रैफिक को देखते हुए 'रोपवे' गोदौलिया से कैंट कई मिनटों में सफर तय कर लेगा जो समय की मांग भी है। इस परियोजना से काशी को जाम से काफी राहत मिलेगी।

**अखिलेश अग्रवाल**
**राणी सती इलेक्ट्रानिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स**

HOTEL RUNWAY INN
Lal Bahadur Shastri International Airport, Varanasi, 16 GHA, Babatpur, Uttar Pradesh 221006. Phone: 093058 04900

Happy New Year
Travel Zone®
Travel Simplified Since 1995

Extra Services like Boat Rides, VIP Darshan, Rudrabhishek, Private puja Arrangements etc.

OUR BEST SELLING TOUR PACKAGES
- We are Known for Our Land Packages in Uttar Pradesh, Uttarakhand & Nepal
- Best Services in Hotel Rates for all Categories.
- Expertise in Handling all kinds of Group Tours.
- Guides for All Languages.
- Complete Customizable Packages with Puja Pandit
- A.C. & clean Transportation

H.O.:52, Patel Nagar, Nadesar Varanasi-221002,U.P. Phone + 91 94152 18328/ 94153 02919
Email: travelzonetours @ gmail. Cam in bound. Travelzone @ gmail.Com. Website: travelzonevaranasi.com

# विरासत और विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की सोच का प्रतीक

काशी में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना केवल एक नई यातायात सुविधा नहीं है, बल्कि यह उस सोच का प्रतीक है जिसमें विरासत और विकास को एक साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। काशी, जो विश्व की प्राचीनतम जीवंत नगरी है, आज आधुनिक भारत के विकास मॉडल में एक नए अध्याय की ओर बढ़ रही है। काशी की सबसे बड़ी चुनौती भीड़, संकरी गलियाँ और सीमित सड़क विस्तार है। लाखों श्रद्धालु, पर्यटक और स्थानीय नागरिक प्रतिदिन जिन मार्गों से गुजरते हैं, वहाँ पारंपरिक परिवहन साधनों की अपनी सीमाएँ हैं। ऐसे में रोपवे एक पर्यावरण अनुकूल, सुरक्षित और समय बचाने वाला संभावित विकल्प जिससे मुख्यतः पर्यटकों के काशी विश्वनाथ धाम और अन्य प्रमुख स्थलों तक जाने और लौटने में आसानी होगी, बल्कि शहर के ट्रैफिक दबाव में भी उल्लेखनीय कमी आ सकती है।

रोपवे परियोजना का दूसरा बड़ा पक्ष है पर्यटन को गति देना । काशी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहले से ही एक मजबूत स्थान रखती है। रोपवे जैसी आधुनिक सुविधा विदेशी/धार्मिक पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी और उनकी यात्रा को अधिक सहज बनाएगी। इससे होटल, गाइड, हस्तशिल्प, नाविक, स्थानीय दुकानदार और छोटे व्यापारियों की आय में भी वृद्धि होगी। हालाँकि, यह भी उतना ही सच है कि हर बड़ी परियोजना के साथ कुछ आशंकाएँ जुड़ी होती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह परियोजना केवल दिखावे तक सीमित रह जाएगी? इसका उत्तर परियोजना के क्रियान्वयन, रखरखाव और समावेशी योजना में छिपा है। यदि रोपवे केवल पर्यटकों तक सीमित रहा और स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को नजरअंदाज किया गया, तो यह असंतुलन पैदा कर सकता है। लेकिन यदि किराया, कनेक्टिविटी और समय-सारणी को सबके अनुकूल रखा गया, तो यह वास्तव में जनोपयोगी सिद्ध होगा। एक और महत्वपूर्ण पहलू है काशी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा। किसी भी विकास कार्य में यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि काशी की आत्मा — उसकी परंपराएँ, घाट, मंदिर और जीवनशैली— प्रभावित न हों। यदि रोपवे का डिज़ाइन, संचालन और दृश्य प्रभाव इस गरिमा के अनुरूप रहा, तो यह आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम बन सकता है। अंततः मेरा मानना है कि रोपवे परियोजना को केवल 'दिखावे की परियोजना' कह देना जल्दबाज़ी होगी। यह काशी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने की क्षमता रखती है, बशर्ते इसे दीर्घकालिक दृष्टि, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। काशी को आज जिस विकास की आवश्यकता है, वह ऐसा विकास है जो सुविधा भी दे, काशी की परम्परा व पहचान भी बनाए रखे और समृद्धि भी लाए।



अनिल के. जाजोदिया

# सड़क यातायात का भार घटेगा, प्रदूषण में कमी आएगी



डा. जे.के सामरिया
सामरिया मल्टीस्पेशलिटा क्लिनिक

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर वाराणसी को रोपवे जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजना का शुभारंभ मिलना निस्संदेह एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल एक नई परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि काशी के सुनियोजित विकास सुगम आवागमन और आधुनिक शहरी सोच की दिशा में एक ठोस कदम है। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या रोपवे से वाराणसी का विकास होगा। उत्तर स्पष्ट है- हाँ, यदि इसे सही दृष्टिकोण और दीर्घकालिक योजना के साथ लागू किया जाए। वाराणसी की संकरी गलियाँ, अत्यधिक भीड़ और यातायात दबाव वर्षों से एक बडी चुनौती रहे हैं। रोपवे इन समस्याओं को काफी हद तक कम कर सकता है। इससे सड़क यातायात का भार घटेगा, प्रदूषण में कमी आएगी और शहर के प्रमुख क्षेत्रों के बीच तेज, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल संपर्क स्थापित होगा। पर्यटकों को क्या लाभ होगा। वाराणसी आने वाला पर्यटक अध्यात्म, संस्कृति और विरासत की अनुभूति चाहता है, किन्तु जाम और अव्यवस्थित यातायात कई बार उसके अनुभव को प्रभावित करता है। रोपवे से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ऊपर से काशी के दिव्य और मनोरम दृश्य देखने का अवसर भी मिलेगा। यह अपने आप में एक नया पर्यटन का आकर्षण बनेगा और "अनुभव आधारित पर्यटन" को बढ़ावा देगा।

यह आशंका स्वाभाविक है। किंतु यदि रोपवे को व्यापक शहरी परिवहन व्यवस्था, अंतिम मील कनेक्टिविटी, स्थानीय व्यापार और आम नागरिक की आवश्यकताओं से प्रभावी रूप से जोड़ा गया तो यह केवल प्रदर्शन की परियोजना नहीं रहेगी। इसकी वास्तविक सफलता इसी में है कि इसका लाभ आम नागरिक, विद्यार्थी, बुजुर्ग, दुकानदार और दैनिक यात्रियों तक पहुँचे। अंततः रोपवे वाराणसी के विकास का प्रतीक तभी बनेगा जब यह परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को बनाए रखते हुए जनता के जीवन को वास्तव में सुगम बनाए। नव वर्ष के अवसर पर यह आशा की जानी चाहिए कि यह परियोजना काशी को एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ, पर्यावरण, अनुकूल एवं पर्यटन- हितैषी शहर बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। धन्यवाद!

# कुछ हद तक कम होगी ट्रैफिक की समस्या



नीति जायसवाल
प्रिंसिपल
गोपी राधा स्कूल

मेरे हिसाब से 'रोप वे' की शुरूआत से ट्रैफिक की समस्या कुछ हद तक कम होगी। किन्तु विकास जिस मायने में होगा और कहां तक हो पाएगा यह कहना मुश्किल है। अगर यह परियोजना सफल सिद्ध होगी तो आने वाले समय में यह काशी के विकास का पैमाना साबित होगी। लेकिन अभी से इस योजना के बारे कुछ भी अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी यातायात के दृष्टिकोण से काशीवासियों के लिए यह बेहद लाभदायक साबित होगी ऐसी उम्मीद की जा सकती है।


INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION

AN APEX BODY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

chapter Office
M/s RAS Polytex Pvt. Ltd, Block, 8th Floor,
Vinayaka Plaza, Maldahiya Crossing, varanasi
Tel: 0542-2205200/5300, Mob: 9415227894



R.K Chaudhary
National Vice President

नव वर्ष के अवसर पर
समस्त काशीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

## रोपवे के आगाज से क्या विकास की बढ़ेगी रफ्तार?



रोपवे के आगाज से ट्रैफिक पर लोड कम होगा। बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन करने में सुविधा होगा। इससे ट्रैफिक का समय बचेगा व आराम होगा। यह परियोजना बता रही है कि देश तेजी से विकास की राह पकड़ रहा है।

**बी.सी. मिश्रा ( मैनेजर )**
**ड्रेस लैंड**

## पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी होगी राहत



नव वर्ष पर काशी की जनता को हार्दिक बधाई। रोपवे के आरम्भ होने पर जाम की 50 प्रतिशत समस्या दूर हो जाएगी। खास तौर से कैंट-गोदौलिया तक यातायात सहज होगा। यह पीएम के संसदीय क्षेत्र के लिए एक तोहफा होगा। इससे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यातायात की सुविधा बढ़ेगी। पर्यटकों के साथ-साथ 'रोप वे' काशीवासियों के लिए भी राहत देने वाली योजना साबित होगी।

**ध्रुव जी, पंचरत्न ज्वेलर्स**




## जाम की समस्या से राहत मिलेगी



**नये साल में सारे काशीवासियों व टूरिस्ट सभी को बधाई।** प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा रोपवे की शुरूआत हुयी है इससे काशीवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इससे एक जगह से दूसरी जगह जाने में बेहद कम समय लगेगा व ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। यह योजना काफी लाभदायक है। इससे कम समय लगेगा। अंत में सभी को बधाई देना चाहती हूँ। धन्यवाद!

**डा. वीणा मानसिंघा**
**डेंटिस्ट रामकटोरा**

## सरकार का सबसे सफल प्रोजेक्ट रहेगा



बनारस में रोपवे बहुत ही सराहनीय कदम है, शहर से भीड़ कम करने का। बनारस शुरू से टूरिज्म प्लेस रहा है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है टूरिस्ट की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। रोपवे प्रोजेक्ट से मुझे उम्मीद है कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक जो टूरिस्ट सड़क से चलते थे वो रोपवे का उपयोग करेंगे। सरकार इसका अपने स्तर से टेस्टिंग भी कर रही है मुझे उम्मीद है यह बहुत ही सफलतम प्रोजेक्ट, कार्यक्रम रहेगा।

**अपूर्व मित्तल**
**फाउण्डर, व्यापारी नेटवर्क**

## यह टूरिस्ट अट्रैक्शन अवश्य बनेगा



महत्वाकांक्षी परियोजना 'रोपवे' के लिए काशीवासियों को शुभकामना देता हूँ। सरकार की जो मंशा है कि इससे ट्रैफिक में सुधार होगा ऐसी हम पूरी उम्मीद करते हैं। एक बात अवश्य है कि यह टूरिस्ट अट्रैक्शन अवश्य बनेगा। क्योंकि यह दुनिया का तीसरा स्थान जहां पहाड़ी इलाकों के अलावा किसी शहर में 'रोपवे' बना है। इससे बनारस का व्यापार खास तौर से टूरिज्म सेक्टर से जुड़े व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। मेरा मानना है कि इसकी दूरी कम होने से इसकी उपयोगिता थोड़ी कम हो जाती है ऐसे में अगर दूरदराज इलाकों में इसका विस्तार किया जाय तो लोगों को जाने-आने में और भी सहूलियत हो सकती है। इसके साथ-साथ रोपवे स्टेशन के नीचे यातायात का प्रबन्धन भी बहुत जरूरी है। प्रशासन इसपर ध्यान दें। धन्यवाद!

**शाश्वत खेमका**
**श्री गोविंदम बनारस होटल**

## बाहर से आने वाले लोगों को जाम से राहत मिलेगी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांसद बनने के बाद से वाराणसी के कई क्षेत्रों में विकास कार्य हुए हैं। 'रोप वे' से बनारस में जाम की जो समस्या है उससे बहुत ज्यादा निजाद मिलने की संभावना है। क्योंकि विश्वनाथ मंदिर एवं घाट तक कनेक्टेविटी होने से बाहर से आने वाले लोगों को यातायात में सुविधा होगी। वैसे भी सबसे ज्यादा लोग काशी विश्वनाथ मंदिर और घाटों पर जाने के लिए काशी आते हैं। उनके लिए यह बड़ी सौगात है।

**अब्दुल मन्नान**
**आइसेकी इंस्टीट्यूट**

## यातायात में अनुकूलता रहेगी आने वाले को परेशानी भी नहीं होगी



जय जिनेन्द्र! वाराणसी सांस्कृतिक, शैक्षणिक, पर्यटकीय स्थली है तो आने वाले यात्री को सिटी के सेन्टर में पहुंचने के लिए रोपवे जैसा इतना सुगम साधन मिलेगा। तो इससे यातायात में अनुकूलता रहेगी और आने वाले को परेशानी भी नहीं होगी। हमारा जैन मंदिर भी चार जत्थमगुरू की जन्मभूमि है तो हम चाहेंगे इसका भी विस्तार हो। ऐसा पीएम का सपना है योगी जी का सपना है वह पूरा हो और यातायात की जो यहां विशेष दिक्कत का सामना करना पड़ता है उससे वह सुगम रहे।

**प्रमिला सामरिया**
अध्यक्ष
अखिल भारतीय महिला मण्डल भेलूपुर जैन मंदिर

## परियोजना बेहतर पर हमे साफ-सफाई का भी रखना होगा ध्यान



'जनमुख' के सभी दर्शकों को रोपवे का नये साल में आगाज हो रहा है। सबकों पता है कि बनारस जाम की समस्या से जूझ रहा है। नए फ्लाईओवर बन रहे हैं, रूट डायवर्जन हो रहे है, लेकिन लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। सरकार ने रोपवे को जो बड़ा कदम उठाया है उससे जो उपयोग करेंगे उनको लाभ होने वाला है। एक तो जाम से मुक्ति मिलेगी वहीं सस्ते दर पर यातायात की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। और समय की काफी बचत होगी। साथ मुझे बनारस के सभी लोगों से एक बात कहनी है कि जब कोई चीज जब हमारे सामने आती है तो हम तो पहले काफी उत्साहित होते हैं परन्तु, एक बात की सभी को सावधानी रखनी है कि इसका सभी को साफ-सफाई रखना होगा। यह नहीं कि पान-खैनी खाकर जहां-तहां थूक दें इससे परेशानी बढ़ेगी। अतः साफ-सफाई रखनी होगी।

**डॉ. विनीत मिश्रा**
गैस्ट्रोलॉजिस्ट

## टूरिस्ट के लिए आकर्षण का नया केन्द्र होगा 'रोपवे'



**नव वर्ष की बहुत सारी बधाई, मुबारकबाद।** रोपवे काशी के लिए बहुत बड़ा टूरिस्ट अट्रैक्शन हो जाएगा। ट्रांसपोर्ट में कितना हेल्प कर पाएगा यह आगे दिनों में देखना होगा। क्योंकि यह भीड़ भाड़ वाले एरिया का कवर कर रहा है। गोदौलिया एरिया में भीड़ भाड़ है तो जो रोजाना जाने वालों हैं उनके लिए यह बहुत बड़ा ट्रांसपोर्ट का माध्यम भी बन सकता है। इससे समय कम लगने के साथ ही आने-जाने वालों को काफी सुविधा होगी। इससे प्रदूषण भी कम होगा तथा टूरिस्ट के लिए आकर्षण होगा। मेरे ख्याल से यह बनारस के लिए लोगों के लिए एक सुविधा होना चाहिये।

**डा. दिव्या अग्रवाल**
आयुष्मान हॉस्पिटल


## इससे ट्रैफिक नियंत्रण करने में पूरी मदद मिलेगी



रोपवे परियोजना लगभग 4 किलोमीटर की योजना है मेरा इसमें सोचना काफी अच्छा है। एक व्यक्ति को स्टेशन से बाबा विश्वनाथ धाम जाने में 50 मिनट लगते हैं जो कि 10-15 मिनट में तय हो जाएगा। दिनभर में इससे लगभग 1 लाख लोगों का आवागमन होगा। हिन्दुस्तान में पहली बार बनारस में पब्लिक ट्रांसपोर्ट योजना की तहत यह बनायी गयी है। यह वास्तव में विकास के लिए एक अच्छी योजना है इसके लिए मोदी व योगी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद। और व्यापारियों को भी धन्यवाद। क्योंकि व्यापारियों ने अपना नुकसान झेलकर भी इस योजना को पूरा करने में सहयोग किया है। मेरा मानना है इससे ट्रैफिक नियंत्रण करने में पूरी मदद मिल जाएगा।

**अजय गुप्ता**
अध्यक्ष, वाराणसी फर्नीचर
व फर्निशिंग महानगर मंडल

## 'रोपवे' नया टूरिस्ट अट्रैक्शन भी बनेगा



काशीवासियों को रोपवे के लिए तहेदिल से शुभकामनाएं देता हूँ। 'रोपवे' से हमें यात्रा के सुगम होने से राहत मिलेगी। इससे एक नया टूरिस्ट अट्रैक्शन भी बन जाएगा और रोपवे को एक साधन की तरह यूज किया जाएगा। धन्यवाद!

**आशुतोष बहल**
न्यू बहल क्लाथ स्टोर्स, दुर्गाकुण्ड

## यातायात की समस्या दूर होगी तो व्यापारियों को भी लाभ होगा



**नये वर्ष की सबको हार्दिक बधाई।**
इस नये वर्ष में एक नयी उपलब्धि हाथ आयी है। रोपवे की शुरूआत से टूरिस्ट को अविलम्ब सुविधा का लाभ मिलेगा और बाबा का दर्शन कर पाएंगे। बनारस की ट्रैफिक स्थिति, मानसिक परेशानी से निदान मिलेगी। रोपवे से लोग एक जगह वाहन पार्क करेंगे और फिर उन्हें जहां शापिंग करना होगा वह वे करेंगे। इससे दुकानों के सामने स्कूटी, बाइक के पार्क करने में 50 प्रतिशत तक की कमी आएगी जिससे यातायात समेत व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा।

**गौरव सोनी**
विश्वनाथ ज्वेलर्स, सिगरा

नव वर्ष के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

CENTRE FOR RESEARCH & TREATMENT OF ALLERGY, ASTHMA & BRONCHITIS. एलर्जी अस्थमा एवं ब्रोन्काइटीस रोग अनुसंधान केन्द्र

**DR. SAMARIA MULTISPECIALTY CLINIC**
MULTI SPECIALITY CLINIC DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE, CARE | COMPASSION | COMMITMENT

Samaria

36-ए, कबीर नगर कालोनी, दुर्गाकुण्ड, जे.आर.एस. कोचिंग के आगे, राज स्वीट हाउस के सामने, वाराणसी।

**Dr.(Prof.)J.K.Samaria. डा. एवं प्रोफेसर जे.के.सामरिया**
MD, FNCCP, FIACMS, FCAI, FICP, D.Yoga, FCCP (USA), FICS
Ex. Prof. & Head, Department of Respiratory Diseases
Institute of Medical Sciences, BHU

**Dr. K.Utsav Samaria. डा. कुमार उत्सव सामरिया**
MBBS, MD (Respiratory Med), MICS, MNCCP (I), FCCP (USA) Ex. Registar
Department of Respiratory Diseases B.J. Medical, Ahmedabad
Consultant Pulmonologist & Bronchoscopy

**Dr.Anubha jain**
MBBS (Gold Medalist), M.D Paediatries (Gold Medalist) KGMU (Lucknow)

**Dr.Gazal Jain**
MBBS, DGO, DNB, Diploma in Gynaec Endoscopy (Germany)

Consultation Timing: Monday to Saturday-9-00 AM. to 7-00 PM | Sunday Closed 9-00 AM. to 2-00 PM
Mob : 9415244602, 8795300333 chestclinic.vns@g.mail.com

## काशी में विकास कार्यो को एक नयी रफ्तार मिलेगी



नये साल की ढेर सारी शुभकामनाएं। आशा करती हूँ यह साल आपकी खुशियों से भरा रहे और आप अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहें। रोपवे भारत का पहला सार्वजनिक रोपवे होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा व यातायात की भीड़ को कम करना है, सिर्फ यह दिखावे की परियोजना नहीं है। इसकी वजह से काशी में चल रही विकास कार्य की एक नयी रफ्तार मिलेगी। पर्यटनों के लिए समय व धन की बचत होगी। लोगों के रोजगार बढ़ेंगे, रोजगार मिलेंगे। यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ेगी। शहरवासियों को भीड़ की समस्या से राहत मिलेगी। नया साल, नयी सोच, नयी उम्मीद। आइए हम सब इस विकास का स्वागत करते हैं। रोपवे को नई ऊंचाई से देखने की कोशिश करते हैं।

**जय हिन्द! जय भारत।**

**डा. पूजा शर्मा पाण्डेय**

## पर्यटन के क्षेत्र में एक जबरदस्त उछाल आएगा



नये साल में रोपवे की शुरू करने की सरकार की पहल से पर्यटन के क्षेत्र में एक जबरदस्त उछाल आएगा जो कि इस एरिया में कश्मीर छोडकर कहीं नहीं है। यह शत-प्रतिशत पर्यटकों को आकर्षित करेगी। इससे हमारी अर्थव्यवस्था में और काशीवासियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं नये साल की शुभकामना देता हूँ।

**प्रदीप चौरसिया**
**होटल संचालक**

## काशी के विकास में सहायक साबित होगा



आप सभी को नये साल की शुभकामनाएं। हमारे शहर में एक टेक्नोलॉजी रोपवे आ रही है। यह ट्रैवल के लिए एक यूनिक प्रयोग होगा काशी के लिए। इससे जो लोग बाहर से आकर बाबा का दर्शन करेंगे उनके लिए यह काभी सुलभ हो जाएगा। वह रेलवे स्टेशन से सीधे बाबा का दर्शन कर वापस जा पाएगे। हमारा मानना है इससे काशी का विकास होगा। और हमारा शहर विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा।

**डा. रोहित पाण्डेय**
**चक्रा बोन रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट सेंटर**

## सिर्फ ट्रैफिक नहीं वायु प्रदूषण से भी मिलेगी राहत



जनमुख हिन्दी दैनिक के माध्यम से नये साल की सभी काशीवासियों को शुभकामना। काशीवासियों को एक बहुत बड़ी रोपवे का उपहार मिलने की बधाई। बनारस में यातायात की विषम स्थिति के बीच कई फ्लाईओवर्स बनने के बाद आज भी रूट व गलियां चोक से हो गये हैं और बहुत ही हैवी ट्रैफिक बनारस में है। साथ ही यहां वायु प्रदूषण भी है। अतः इन दोनों से राहत दिलाने में 'रोपवे' बहुत अच्छा गिफ्ट है। पॉल्युशन फ्री 'रोपवे' से ऊपर काशी की आत्मा का अद्भुत दर्शन तथा पुरानी व नयी काशी को देखने का एक अलग ही अनुभव होगा। इसका क्रेडिट बीजेपी सरकार को मिला है अतः इसके लिए उन्हें बहुत साधुवाद व सरकार को धन्यवाद!

**सी.ए.रश्मी केसरवानी**



# नए साल में चुनावी सियासत तेज

## कई राज्यों में विधानसभा चुनाव की आहट



नए साल की शुरुआत के साथ ही देश की राजनीति पूरी तरह चुनावी मोड में आती नजर आ रही है। 2026 से पहले कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की संभावना को देखते हुए राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी रणनीतियां तेज कर दी हैं। संगठन विस्तार, जनसभाएं, यात्राएं और सोशल मीडिया अभियान नए साल की राजनीति की पहचान बनते जा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी जैसे राज्यों में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में भी उपचुनावों और राजनीतिक समीकरणों को लेकर सियासी हलचल बढ़ती दिख रही है। सत्तारूढ़ दल जहां अपनी सरकारों की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने में जुटा है, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रणनीति बना रहा है। नए साल में राजनीतिक दलों की नजर खास तौर पर युवा और महिला मतदाताओं पर रहेगी।

राज्यों में संभावित चुनावों को देखते हुए गठबंधन की राजनीति भी एक बार फिर केंद्र में आने लगी है। क्षेत्रीय दल अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र को बचाने और विस्तार की कोशिश में लगे हैं। कई राज्यों में नए सियासी गठजोड़ बनने और पुराने गठबंधनों के टूटने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। विधानसभा के यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ-साथ टीएमसी और डीएमके जैसे क्षेत्रीय दलों के लिए भी बहुत महत्वपूण हैं। कांग्रेस के सामने केरल और असम में दस साल बाद सत्ता में आने की चुनौती है तो वहीं तमिलनाडु में सहयोगी डीएमके के साथ सत्ता विरोधी लहर से मुकाबला करना है जबकि भारतीय जनता पार्टी घुसपैठियों के मुद्दे पर असम में फिर वापसी की कोशिश कर रही है तो वहीं वह पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही। भाजपा की कोशिश केरल में अपने आधार में इजाफा करने के साथ-साथ सहयोगी दलों के सहयोग से तमिलनाडु में भी बड़े उलटफेर की कोशिश करने की है। इन सबके बीच लंबे समय पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी फिर से सत्ता में वापस आने के लिए ताल ठोंक रही हैं तो वहीं तमिलनाडु में डीएमके को अन्नाद्रमुक से ज्यादा अभिनेता विजय की पार्टी से चुनौती मिलती दिख रही है। ये विधानसभा चुनाव केन्द्र की राजनीति को भी काफी हद तक प्रभावित करेंगे।

कुल मिलाकर, नया साल भारतीय राजनीति के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है। आने वाले विधानसभा चुनाव न सिर्फ राज्यों की सत्ता तय करेंगे, बल्कि 2026 और उसके आगे की राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऐसे में नए साल के साथ देश की सियासत में हलचल और तेज होना तय माना जा रहा है।


नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

SINCE 1935 VARUNA · DADU MS & GI PIPES · VPL INDIA · DPL STAR MS BLACK PIPE · Duke

मनीराम ट्यूब्स प्रा.लि.

स्टेशन रोड, मलदहिया, वाराणसी - 221002
मोबाईल : 9838506916, 9838506919
ई-मेल : anilmtpl@gmail.com

HAPPY NEW YEAR

TATA MOTORS

VARANASI AUTO VEHICLES

Tata Authorised Service Centre

Chaukaghat Cotton mill
Compound, Varanasi. 221001




# भारतीय क्रिकेट के लिए वर्ल्ड कप से लेकर विदेशी दौरों तक चुनौतीपूर्ण साल

नए साल की शुरुआत के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के सामने एक बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण कैलेंडर खड़ा है। 2026 का पूरा साल क्रिकेट के लिहाज से उतार-चढ़ाव, दबाव और बड़े इम्तिहानों से भरा रहने वाला है। बीते साल यानी 2025 में जहां टीम इंडिया को टेस्ट क्रिकेट में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ झटका लगा था, वहीं सीमित ओवरों में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। अब फोकस उस लय को बरकरार रखने और टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर खुद को साबित




करने पर है। बता दें कि 2026 की शुरुआत न्यूजीलैंड के भारत दौरे से होगी, जहां दोनों टीमें तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। यह सीरीज न सिर्फ वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से अहम होगी, बल्कि टीम संयोजन को परखने का भी बड़ा मौका मानी जा रही है।

इसके बाद फरवरी में घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, जहां भारत से खिताब बचाने की उम्मीदें होंगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, वर्ल्ड कप मुकाबले मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद और कोलंबो जैसे शहरों में खेले जाएंगे। भारत को ग्रुप स्टेज में अमेरिका, नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स जैसी टीमों से भिड़ना है।

गौरतलब है कि वर्ल्ड कप के तुरंत बाद आईपीएल 2026 का आयोजन होगा, जो खिलाड़ियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से बड़ी चुनौती बनेगा। इसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी, जहां पांच टी20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। यह दौरा विदेशी परिस्थितियों में टीम की गहराई और संयम की असली परीक्षा होगी।

साल के दूसरे हिस्से में भारत को श्रीलंका और न्यूजीलैंड जैसे देशों के खिलाफ टेस्ट और सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है, वहीं एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम की भागीदारी प्रस्तावित है। इसके अलावा अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज भी तय हैं। कुल मिलाकर, 2026 भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद व्यस्त, चुनौतीपूर्ण और निर्णायक रहने वाला है। टीम मैनेजमेंट के सामने सबसे बड़ी चुनौती खिलाड़ियों के वर्कलोड को संतुलित रखने और बड़े टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की होगी।









## 'सरसों छुपी रजइय्या रे!'

'सरसों छुपी रजइय्या रे!'
फूलों वाली रात सुहानी
दिन थे सोनचिरैया रे!!
बीच हथेली चांद खिला था
मुख तारों की छैंया रे!!
कुछ पल थे हरियाले,भीगे ,
कुछ में ऊगी नागफनी
ठहर गई मन की बगिया में
संबंधों की तनातनी,
शाम बड़ी बड़बोली लगती
बच कर रहियो दैय्या रे!!
जाती धूप बिरावे मुंहवा,
उड़ मां उई उई मइया रे!!
आंख-मिचौली, भागम भागी,
गेंद -तड़ी भी बिसर गई
लुकाछिपी करने सपनों से
हवा गांव की शहर गई ,
गमलों के पौधों से मिलकर
बतियाती पुरवइया रे!!
चौरे पीछे सुसकी मारे
पछुआ ऊ अंगनइया रे!!
दिवस,महीना,साल गये,
बदली गरमी, बरसात गयी
चोट पिरावे पतझड़ वाली
शिशिर उभारे बात नई
पाला मारे हरी मटर को
सरसों छुपी रजइय्या रे!!
मन सुलगा कर पीपल तापे,
नैन झरे अमरइया रे!!
उम्मीदों के जाल नये, फेंकें
जीवन के मछुआरे
विश्वासों की मीन हंसें
मौसम गाए नग़मे प्यारे
घूंघट लहरों का सरकाकर
निरखें ताल-तलैया रे!!
अबके बरस पिया को लाना
घर,ओ! राम रमैया रे!!



डॉ.एस.बाला

## नए साल में एंटरटेनमेंट का महाधमाका

### फिल्मों और वेब सीरीज की लंबी कतार तैयार




नया साल दस्तक दे चुका है और इसके साथ ही मनोरंजन की दुनिया भी दर्शकों के लिए बड़े धमाके की तैयारी में है। थिएटर से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक, आने वाले महीनों में एक से बढ़कर एक फिल्में और वेब सीरीज रिलीज़ होने जा रही हैं, जिनका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बॉलीवुड में इस साल कई बड़ी फिल्मों की रिलीज़ तय मानी जा रही है। देशभक्ति, एक्शन, थ्रिलर और रोमांस—हर जॉनर में दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलने वाला है। बड़े पर्दे पर जहां सुपरस्टार्स की वापसी होगी, वहीं कई सुपरहिट फ्रेंचाइजी के नए पार्ट भी सिनेमाघरों में दस्तक देंगे। चर्चित फिल्मों में एक्शन और देशभक्ति से भरपूर कहानियां होंगी, तो वहीं इमोशनल और रोमांटिक ड्रामा भी दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा। वहीं ओटीटी प्लेटफॉर्म भी इस साल पीछे रहने वाले नहीं हैं। दर्शकों की पसंदीदा वेब सीरीज के नए सीजन आने वाले हैं, जिनमें गांव की सादगी, परिवार की भावनाएं, राजनीति, क्राइम और इतिहास से जुड़ी कहानियां देखने को मिलेंगी। कुछ वेब सीरीज जहां दिल को छूने वाली होंगी, तो कुछ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर होंगी, जो दर्शकों को आखिरी एपिसोड तक बांधे रखेंगी।

1.पति, पत्नि और वो दो — आयुष्मान खुराना, सारा अली खान की रोमांटिक कॉमेडी (4 मार्च 2026)
2. मर्दानी 3 — रानी मुखर्जी की एक्सन-थ्रिलर सीरिज का तीसरा भाग (27 फरवरी 2026)
3. बार्डर 2 — सनी देओल, वरुण धवन अभिनीत पैट्रियॉटिक एक्शन फिल्म (23 जनवरी 2026)
4. ओ रोमियों — शाहिद कपूर और त्रिप्ती ्रम्रि की रोमांटिक ड्रामा (13 फरवरी 2026)
5. धुरंधर 2 — रणवीर सिंह स्टारर एक्शन सीक्वल (19 मार्च 2026)
6. अल्फा — आलिया भट्ट लीड स्पाय थ्रिलर (17 अप्रैल 2026)
7. भूत बंगला — अक्षय कुमार-तबू की हॉरर-कॉमेडी (2 अप्रैल 2026)
8. आवारापन 2 — इमरान हाशमी अभिनीत इमोशनल ड्रामा (3 अप्रैल 2026)
9. दृश्यम 3 — अजय देवगण की थ्रिलर फ्रैंचाइज़ी का तीसरा भाग (अक्टूबर 2026)
10.रामायना पार्ट 1 — रानबीर कपूर-साई पल्लवी अभिनीत महाकाव्य (नवंबर 2026)

ओटीटी पर आने वाली चर्चित वेब सीरीज


- ☐ हीरमंडी 2 — प्रसिद्ध ऐतिहासिक/ड्रामैटिक वेब सीरीज का दूसरा सीजन
- ☐ पंचायत 5 — लोकप्रिय ग्रामीण कॉमेडी-ड्रामा का पांचवां सीजन
- ☐ गुल्लक 5 — फैमिली ड्रामा सीरीज का नया सत्र
- ☐ तस्करीः द स्मगलर्स वेब — नई क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज ?
- ☐ मटका किंग — थ्रिलर शृंखला
- ☐ ओ साथी रे (इम्तियाज़ अली) और दलदल (भूमि पेडनेकर) जैसी ओरिजिनल वेब सीरीज



पूर्वांचल का एक मात्र बच्चों के एलर्जी व श्वसन संबंधी रोगों का आधुनिक इलाज अब

# VATSALYA PEDIATRIC RESPIRATORY & ALLERGY CARE CENTRE

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



भूतपूर्व चिकित्सक
मेंदांता– द मेडिसिटी, गुरूग्राम
सर गंगाराम हॉस्पिटल, नई दिल्ली

**Dr. Divyank Pathak**
MBBS,MD (Pediatrics) IFPCCM,DPAA,DPSM (USA )



Expert of Serious Patient, Sleep Medecine
Allergy,Asthma & Pulmonology in Children

**जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के एकमात्र एलर्जी फेफड़े एवं बच्चों के गंभीर रोगों के विशेषज्ञ**

24/7

उपलब्ध सुविधाएं :– ▪ एडवांस अस्थमा एण्ड एलर्जी केयर ▪ एलर्जी के कारणों की जाँच ▪ एन.आई.सी.यू. ▪ सी.आर.डी., इम्युनोकैप ▪ FOT द्वारा फेफड़ों की जांच ▪ नवजात व बड़े बच्चों का फ्लैक्सीबल ब्रान्कोस्कोपी ▪ पी.आई.सी.यू. ▪ इम्युनोथेरेपी से एलर्जी का इलाज ▪ स्कीन एवं फुड एलर्जी सेन्टर ▪ नेजल एण्डोस्कोपी ▪ स्कीन प्रिक टेस्ट (SPT)

*Where compassion meets Quality...*

**वात्सल्य चिल्ड्रेन हॉस्पिटल**
(A Super Speciality Unit)
बच्चों से प्यार ही तो वात्सल्य है

Near Mahaveer Mandir Crossing, Orderly Bazar, Varanasi- 221002
Ph. : 0542-2505505 www.vatsalyavns.co.in

Helpline No. 9838713111

**With Best Wishes**

# Dr. R.N.Bajpai

**M.D.(Med) F.I.A.M.S.**

हृदय, डायबिटीज, उदर, श्वास एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

क्लीनिक- कार्डियो रेस्पिरेटरी केयर सेन्टर, ( काशी एजर्जी केन्द्र )

**Dr. ARCHANA BAJPAI**
B.D.S., M.D.S.
Ex. Resident K.G.M.C.
Consultant Prosthodontist

**Dr. SHANTANU BAJPAI**
B.D.S., M.D.S.
Ex.Resident R.C.C.
Consultant Maxillofacial Surgeon

सभी प्रकार के दंत रोगों के विशेषज्ञ

13 ब्रह्मानन्द नगर, कबीर नगर, दुर्गाकुण्ड, वाराणसी। मोबाइलः 9161877405

# नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# SUPERCON

Durable, Hygienic, Strong Quality Products

MAKE IN INDIA



Water Tanks | Septic Tank | WPC Chaukhat

Dustbins | Plastic Crates | WPC Doors

## Sintex Upvc Doors

Sierra Doors | Indiana Doors



## prayag

Zero Water Waste, Zero Drops



## Contact Us

+91 94512 25395
+91 88404 61145

Distributors

## Jain Agencies

17 A Neel Cottage, Maldahiya Varanasi 221002